मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 142
शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

# देवेंद्र फडणवीस बने महाराष्ट्र के सीएम, पीएम मोदी की मौजूदगी में ली शपथ

◆एकनाथ शिंदे ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ, बाला साहेब को वंदन कर की शुरूआत

◆अजित पवार भी बने डिप्टी सीएम. पीएम मोदी समेत एनडीए के दिग्गज बने साक्षी

सुरेश गांधी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 11 दिनों के बाद देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के आजाद मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। देवेंद्र फडणवीस पांच साल के अंतराल के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर वापस लौटे हैं। वह 2019 तक महाराष्ट्र के सीएम रहे थे। इसके बाद नेता विपक्ष और फिर डिप्टी सीएम बने थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बाइस राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम की मौजूदगी में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने फडणवीस को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। देवेंद्र फडणवीस को 4 दिसंबर को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया था। शपथ समारोह में पहले देवेंद्र फडणवीस और फिर उनके बाद एकनाथ शिंदे व अजित पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। खास यह है कि जब एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेते समय बाला साहेब को वंदन कर अपनी शपथ की शुरूआत की, तो पूरा परिसर जय महाराष्ट्र के नारों से गुंजायमान हो गया।

शपथ समारोह मुंबई के आजाद मैदान में शाम 5:31 बजे शुरू हुआ, जो करीब 30 मिनट तक चला। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के सामने तीनों नेताओं ने मराठी में शपथ ली। गुरुवार को शपथ लेने से पहले फडणवीस सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे थे। वहां पर उन्होंने गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया था। इसके बाद उन्होंने गौमाता की




पूजा भी की थी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू व बिहार के नीतिश कमार के साथ तमाम राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे। देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में राजनीति से जुड़े लोगों के साथ-साथ बॉलीवुड, स्पोर्ट्स और बिजनेस की दुनिया में बड़े सितारे भी शामिल हुए. इस समारोह में सलमान खान, शाहरुख खान, संजय दत्त, रणवीर सिंह, माधुरी दीक्षित, अनंत अंबानी, राधिका मर्चेंट, सचिन तेंदुलकर पहुंचे. समेत अन्य भी समारोह .शपथ ग्रहण समारोह में राजनीति से जुड़े लोगों के साथ-साथ बॉलीवुड, स्पोर्ट्स और बिजनेस की दुनिया में बड़े सितारे भी शामिल हुए. इस समारोह में सलमान खान, शाहरुख खान, संजय दत्त, रणवीर सिंह, माधुरी दीक्षित, अनंत अंबानी, राधिका मर्चेंट, सचिन तेंदुलकर पहुंचे थे. इन सभी के अलावा जाह्नवी कपूर के बॉयफ्रेंड शिखर धवन, अर्जुन कपूर भी मौजद रहे। महायुति 2.0 में 50:30:20 का फॉमूर्ला रहने की उम्मीद है। इसके तहत बीजेपी को 21 और शिवसेना तथा एनसीपी को 12 और 10 मंत्री पद मिल सकते हैं।

शपथ ग्रहण के बाद अब तीनों पार्टियों के बीच मंत्रिमंडल और विभागों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाएगा. बीजेपी को 21 से 22 विभाग मिलने की संभावना है. जबकि शिवसेना ने 16 सीटें मांगी हैं, लेकिन उसे 12 सीटें मिलने की संभावना है. वहीं, अजित पवार को 9 से 10 विभाग मिलने की संभावना है. 2014 में पहली बार बने थे सीएम देवेंद्र फडणवीस 2014 में पहली बार सीएम बने थे. उन्होंने 5 साल सरकार चलाई और 2019 में बीजेपी ने सबसे ज्यादा सीटें जीतीं. लेकिन पार्टी सरकार नहीं बना पाई. ढाई साल बाद बीजेपी ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाई और फडणवीस डिप्टी सीएम बनाए गए. महायुति की पिछली सरकार में एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री थे। देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपमुख्यमंत्री थे। बीजेपी के 132 सीटें जीतने के देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री के दावेदार बनकर उभरे थे। आखिर में उनके नाम पर ही मुहर लगी। फडणवीस सरकार के मंत्रियों की शपथ ग्रहण कुछ दिन बाद होने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र में नए विधायकों को शपथ दिलाने और स्पीकर के चुनाव के लिए सात दिसंबर से विशेष सत्र बुलाया गया है। इस सत्र के बाद दिसंबर के बीच में नागपुर में विधानसभा का शीतकालीन सत्र होगा। सूत्रों की मानें तो इससे पहले फडणवीस अपने मंत्रीमंडल का विस्तार कर लेंगे। पिछली सरकार में कुल मंत्रियों की संख्या 28 थी। इस बार मंत्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र की राजनीति में एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री पद के लिए राजी करने का अहम घटनाक्रम सामने आया है। उदय सामंत के मुताबिक, आज शिवसेना के सभी प्रमुख विधायक और नेताओं ने एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और उन्हें सरकार में शामिल होने का आग्रह किया। विधायकों ने दलील दी कि उनकी शुरू की गई योजनाओं को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए उनका सरकार में होना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर वे सरकार में नहीं रहते हैं तो इन योजनाओं पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। विधायकों के लगातार आग्रह और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार करने के बाद, एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के लिए राजी हो गए।

## कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत, मिली 2 हफ्ते की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, 05 दिसम्बर।** दिल्ली हाई कोर्ट ने निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को चिकित्सा आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी, जो 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग से बलात्कार के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। न्यायमूर्ति प्रथिबा एम सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कुछ समय के लिए सजा को निलंबित कर दिया और निर्देश दिया कि सेंगर को उनके चिकित्सा मूल्यांकन के लिए एम्स-दिल्ली में भर्ती कराया जाए और छुट्टी मिलने के बाद उन्हें राजधानी में ही रहना होगा।




न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा कि मामले के इतिहास और आवेदक की चिकित्सा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, यह निर्देश दिया जाता है कि आवेदक को दो सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाएगा और वह व्यापक चिकित्सा मूल्यांकन के लिए एम्स दिल्ली में प्रवेश की मांग करेगा। अदालत ने एम्स के मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट मांगी और मामले को 20 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। सेंगर उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भी 10 साल की जेल की सजा काट रहे हैं। उस मामले में अंतरिम जमानत के लिए उनकी याचिका अभी भी उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ के समक्ष लंबित है। सेंगर ने इस आधार पर अंतरिम जमानत मांगी कि वह मोतियाबिंद जैसी विभिन्न बीमारियों से पीड़ित है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इस याचिका का पीड़िता के वकील के साथ-साथ सीबीआई ने भी विरोध किया। मुख्य उन्नाव बलात्कार मामले में निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली सेंगर की अपील उच्च न्यायालय में लंबित है।

## कार-ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत, दो घायल

**गुमला, 05 दिसम्बर।** झारखंड के गुमला जिले में बृहस्पतिवार को एक कार और ट्रक की टक्कर हो जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना देर रात करीब दो बजे बसिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक वन चौकी के पास हुई। गुमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शंभू कुमार सिंह ने बताया कि पांच लोगों को लेकर जा रही कार, चौकी के समीप बीड़ी पत्तों से लदे ट्रक से टकरा गई।

उन्होंने कहा, दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और घायल



हुए दो लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बसिया अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) नजीर अख्तर ने बताया कि कार में सवार लोग सिमडेगा में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद रांची लौट रहे थे। मृतकों की पहचान रांची के पिस्का मोड़ इलाका निवासी प्रवीण कुमार, रतन घोष और पवन साहू के रूप में हुई है।




## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 हटाने की दी इजाजत

**नई दिल्ली, 05 दिसम्बर।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली में गंभीर वायु गुणवत्ता से निपटने के लिए वर्तमान में लागू ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) उपायों के चरण 4 में छूट की अनुमति दी। यह घटनाक्रम राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी के चरण 4 के तहत आपातकालीन उपायों में ढील देने से शीर्ष अदालत के इनकार के दो दिन बाद आया है, जब तक कि एक्यूआई स्तर में लगातार गिरावट की प्रवृत्ति नहीं देखी गई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने एनसीआर राज्यों के मुख्य सचिवों को 5 दिसंबर को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया ताकि यह बताया जा सके कि प्रतिबंधों के कारण बिना काम के गए निर्माण श्रमिकों



को कोई निर्वाह भत्ता दिया गया था या नहीं। सुप्रीम कोर्ट की छूट के साथ, सरकार कुछ गतिविधियों से प्रतिबंध हटाने पर अगले कुछ घंटों में फैसला करेगी। सरकार ट्रक प्रवेश पर प्रतिबंध और सार्वजनिक परियोजनाओं पर निर्माण पर अस्थायी रोक हटा सकती है। अधिकारी स्कूलों और कॉलेजों में शारीरिक कक्षाओं की भी अनुमति दे सकते हैं।

इस बीच, दिल्ली ने 50 दिनों के अंतराल के बाद बुधवार को स्वच्छ हवा में सांस ली, क्योंकि हवा की गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई, जिससे प्रदूषण के उच्च स्तर से काफी राहत मिली। शहर का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम 4 बजे 178 दर्ज किया गया, जो मंगलवार के 268 से सुधार दशार्ता है। इससे पहले, अदक 15 अक्टूबर को 198 की रीडिंग के साथ 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज किया गया था। हालांकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, अदक अगले दिन खराब हो गया और 'खराब' श्रेणी में स्थानांतरित हो गया।

बेहतर वायु गुणवत्ता के बारे में बात करते हुए, भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि बुधवार को शहर में तेज सतही हवाएँ चलने का अनुमान है। 7 दिसंबर तक हवाएँ चलेंगी, जब एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है, जिसके कारण 8 दिसंबर से मध्यम कोहरा छाएगा।

### केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2020 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके कथित अपमानजनक बयानों के लिए चेन्नई स्थित मुरासोली ट्रस्ट द्वारा दायर शिकायत पर केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के खिलाफ आपराधिक मानहानि की कार्यवाही को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह आदेश तब पारित किया जब मुरुगन के वकील ने कहा कि राजनेता का कभी भी ट्रस्ट को बदनाम करने या उसकी प्रतिष्ठा को कोई नुकसान पहुंचाने का इरादा नहीं था।






# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं



-ललित गर्ग

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती।

तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निमार्ता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निमार्ता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान हैं, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इस सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने हैं।

यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरूआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणामस्वरूप बनी महायुति है हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा।

फडणवीस का राजनीतिक उत्थान जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरूआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। 2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त फडणवीस तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया। भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। उनको मिली शानदार सफलता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें मिला अटूट समर्थन मिला। संघ इस बात पर अड़ा हुआ था कि भाजपा को कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की तरह लो-प्रोफाइल नेता नहीं चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं। शाह, योगी और फडणवीस- इन तीनों के सामने अभी बहुत वर्षों की राजनीति शेष है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए फडणवीस को ऐसे सर्वमान्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो खींचतान और दबाव के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, उनमें हर बड़ी-से-बड़ी जिम्मेदारी को निभाने की क्षमता है। इस विधा में उनके कौशल का परीक्षण अब महाराष्ट्र में तीन-पक्षीय गठबंधन सरकार के नेतृत्व से होने जा रहा है।

# भाजपा को हिंदुत्व की राह पर चलने में ही पार्टी का भला दिख रहा है



अशोक भाटिया

2024 लोकसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी में बहुत कुछ बदला है। लोकसभा चुनावों में शिकस्त मिलने के बाद केंद्र में सरकार तो बन गई पर फैसले लेने में सरकार पहले जैसी कॉन्फिडेंट नहीं दिख रही है। यही कारण है कि भाजपा ने अब हिंदुत्व की राह पर चलने का फैसला कर लिया है ।इस हिंदुत्व के फैसले को बल देने के लिए भाजपा मुख्यमंत्रियों में होड़ लग गई है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले दिनों ऐसे फैसले लिए हैं और ऐसे बयान दिए हैं कि योगी आदित्यनाथ भी फीके पड़ जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि दोनों मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व से आगे निकलना चाहते हैं ।यही नहीं योगी आदित्यनाथ भी इधर कुछ दिनों से लगातार उग्र हिंदुत्व की राह पर है। इस तरह पर तीन मुख्यमंत्रियों के बीच उग्र हिंदुत्व का झंडाबरदार बनने की होड़ लगी हुई है।

हिमंता बिस्वा सरमा के मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयान, इसके साथ ही चाइल्ड मैरिज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने तथा जुम्मे की नमाज को लेकर जो फैसले हुए हैं, उसे साफ तौर पर पता चलता है कि हिमंता हिंदुत्व की राह पर तेजी से दौड़ रहे हैं। अब असम विधानसभा मुस्लिम विधायकों को शुक्रवार को नमाज अदा करने के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के अवकाश को खत्म करेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि 2 घंटे की जुम्मा छुट्टी को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और अवशेष को हटा दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह प्रथा 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला द्वारा शुरू की गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों को मेरा आभार।

हिमंता बिस्वा सरमा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनमें मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को विधानसभा में अपनी बात नहीं रखने देने की प्रवृत्ति विकसित हो गई है। असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान, शर्मा ने अपनी पार्टी के विधायक भुवन पेगू के भाषण को बाधित करने के लिए भी विपक्षी सदस्यों की कड़ी आलोचना की। शर्मा ने पेगू का बचाव करते हुए कहा, मूलतः राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को सदन में नहीं बोलने देने की एक नयी प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। कृपया इतने आक्रामक न हों। हमारी जमीन के बाद अब विधानसभा पर कब्जा करने की कोशिश न करें। पेगू तत्कालीन पूर्वी बंगाल से असम में लोगों के कथित प्रवासन और आक्रामकता के बारे में पुराने विधानसभा रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एक बयान दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आप हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करना बंद नहीं कर सकते। ये जीवन की कठोर वास्तविकताएं हैं। हाल ही में राज्य विधानसभा में बोलते हुए, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं असम को मियां लोगों की भूमि नहीं बनने दूंगा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को गोमांस खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।

हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं।

हिमंता के लिए हिंदुत्व का पोस्टर बॉय बनने की धुन आज की नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जॉइन करने के बाद से ही उन्होंने हार्डकोर हिंदुत्व की राह पकड़ ली थी। मुस्लिम आबादी को लेकर लगातार बयान,चाइल्ड मैरेज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने की कोशिश या सीएए और एनआरसी की बात रही हो, कांग्रेस से भाजपा में आए हिमंता मुस्लिम समुदाय के खिलाफ इस तरह से आग उगलते हैं जिसका मुकाबला जन्मजात भाजपाई भी नहीं कर सकते। अभी पिछले हफ्ते की ही बात है हिमंता ने निजी स्वामित्व वाले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेघालय (यूएसटीएम) से पढ़ाई करने वाले छात्रों को असम सरकार की नौकरियों में रोक लगाने की बात कही ।एनआईआरएफ के तहत शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में से एक है। यह संस्थान असम के एक बंगाली-मुस्लिम महबुबुल हक के स्वामित्व वाले फाउंडेशन द्वारा संचालित है, जो संस्थान के चांसलर भी हैं। हिमंता का मानना है कि इस विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण के लिए वनों और पहाड़ियों की कटाई का ही नतीजा है कि गुवाहाटी को अचानक बाढ़ का सामना करना पड़ा। सरमा का कहना है ये सब असम के खिलाफ बाढ़ जिहाद के कारण हुआ है।

सरमा ने इससे पहले बंगाली-मुस्लिम किसानों पर उर्वरक जिहाद का भी आरोप लगाया था। कहा था कि सब्जियां उगाने में उर्वरक के अनियंत्रित उपयोग के कारण लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। उन्होंने राज्य में मुसलमानों पर भूमि जिहाद का आरोप लगाते हुए उन्हें जमीन की बिक्री पर अंकुश लगाने के फैसले की भी घोषणा की और कहा है कि सरकार लव जिहाद के लिए आजीवन कारावास की सजा वाला एक कानून लाएगी ।यही सब कारण है कि असम में उनकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व के फायरब्रांड लीडर रहे हैं। पर मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके तेवरों में थोड़ी नरमी आ गई थी। पर पिछले कुछ महीनों से ही अचानक उन्होंने अपना पुराना चोला फिर से ओढ लिया है ।वो फिर से उग्र हिंदुत्व की अपनी जानी पहचानी शैली में वापस आ गए हैं ।हाल ही में बांग्लादेश स्थिति को लेकर उन्होंने जब-जब मुंह खोला , आग ही उगला है। आगरा में उन्होंने हिंदुओं से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर बंटेंगे तो कटेंगे ।बांग्लादेश वाली गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे । इसी बंटेंगे तो कटेंगे वाले स्लोगन को जनता ने स्वीकार किया व उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीत कर उन्होंने अपना चमत्कार कर दिखाया । यही नहीं देखा जाय तो महाराष्ट्र में भाजपा को बंटेंगे तो कटेंगे वाले स्लोगन ने एक कर दिया व भाजपा को प्रचंड जीत मिली ।

योगी के कट्टर हिंदुत्व का यह रूप पिछले कुछ महीनों से ही दिखने लगा था जब उन्होंने जुलाई महीने के अंत में, राज्य सरकार ने धर्मांतरण विरोधी कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया, जिससे उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 को और अधिक सख्त बना दिया गया। यूपी विधानसभा ने 30 जुलाई को संशोधन विधेयक पारित किया, जिसमें लव जिहाद को खत्म करने के अपने इरादे को फिर से रेखांकित किया गया ।कांवड़ यात्रा मार्ग पर सड़क किनारे विक्रेताओं और दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अपना नाम लिखने के आदेश पर पूरे देश में उनके समर्थन और विरोध हुआ है ।अयोध्या रेप केस में आरोपी के मुसलमान होने पर काफी हिंदू-मुसलमान यूपी में हुआ है। योगी ने इस मामले को खुद संज्ञान लेते हुए आरोपी का घर और प्रतिष्ठानों पर बुलडोजर कार्रवाई का एक्शन लिया ।राजनीतिक विश्लेषक सौरभ दुबे कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की सफलता को देखते हुए अन्य मुख्यमंत्री जब उनकी राह के राही बनने की कोशिश कर रहे हैं तो योगी भला क्यों पीछे हटे। योगी आदित्यनाथ को भी हिंदू हृदय सम्राट की पदवी बरकरार रखनी है इसलिए उन्हें भी अपने पुराने रूप में आना ही फायदेमंद दिख रहा है।

बात करें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की तो जन्माष्टमी के दिन एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि भारत में जो रहना चाहते हैं, उन्हें हिंदू , भगवान राम और कृष्ण की जय कहना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस देश के नागरिक अपने-अपने धर्मों के पालन के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन वह देशभक्त रहें। इसके साथ यह भी कह गए कि खाता कहीं और का बजाता कहीं और का यह नहीं चलेगा ।हालांकि मोहन यादव ने यह भी कहा कि देश हिंदू और मुसलमानों के बीच अंतर नहीं करता है, लेकिन उसे ऐसे लोगों की जरूरत है जो ईश्वर, उसकी रचना, ब्रह्मांड को समझें। उन्होंने कहा कि रहीम और रसखान का जन्म यहीं हुआ था।

बीते दिनों छतरपुर में पुलिस पर पत्थरबाजी के आरोपियों के करोड़ों के घर सरकार ने तोड़ दिए। इस घर में रखी करोड़ों की गाड़ियों को भी बुलडोज कर दिया गया। पत्थरबाजी का आरोपी चूंकि मुसलमान था इसलिए कुछ लोगों को इस कार्रवाई में धार्मिक एंगल भी दिखा। सिर्फ छतरपुर ही नहीं, इंदौर में भी एक अतिक्रमणकारी ने प्रशासन पर गोली चलवाई थी, उसकी कोठी को भी प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। इसका सीधा मतलब है कि कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।मोहन यादव ने ने मध्यप्रदेश के सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही अपने इरादे जता दिए थे। उनके शुरूआती एक्शन में ही योगी की छाप दिखी थी ।शपथ लेते ही उन्होंने खुले में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना और लाउडस्पीकर पर बैन का फैसला लिया था। उसके बाद लगातार उन्होंने ऐसे फैसले लिए जो उन्हें हिंदू पोस्टर बॉय बनने की उनकी इच्छाशक्ति को दिखाता है। इतना ही नहीं मोहन यादव ने एमपी में भगवान राम और कृष्ण से जुड़े तीर्थ स्थलों की तरह विकसित करने का काम करने का बीड़ा उठाया है ।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के 7 मंदिरों को जोड़े जाने का एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। संघ के विचारकों और प्रमुख पदाधिकारियों की किताबें मध्य प्रदेश के कॉलेजों में पढ़ाने का भी फैसला लिया गया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के मदरसों में गैर मुस्लिम बच्चों की धार्मिक शिक्षा देने पर रोक लगाया जा रहा है।

एक और बात यह है कि भाजपा को यह बात समझ में आ गई है कि मुस्लिम समाज का उन्हें वोट बिल्कुल भी नहीं मिलने वाला है ।हिंदुत्व का ध्रुवीकरण होने पर विपक्ष के सारे तीरों से निपटने की भाजपा को ताकत मिल जाएगी।

# मिला कुबार्नी का इनाम! समंदर लौटकर वापस आ गया...



-सुरेश गांधी

फिरहाल, महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस एक ऐसा नेता है, जो न सिर्फ भाजपा को लगातार तीसरी बार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित किया है, बल्कि तमाम कुर्बानियों व उठापटक के बीच तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजनीति के चाणक्य शरद पवार और हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के विरासत के बीच छिड़ी जंग में जिस तरीके से विपरीत परिस्थियों में उन्होंने दिन-रात कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग किया, उसका एकतरह से ईनाम है। उनका राजनीतिक उत्थान ऐसे समय में हुआ है जब उनकी ब्राह्मण जाति उनके लिए सबसे बड़ी खलनायक बन चुकी थी. पर उन्होंने इसे कभी नकारात्मक पक्ष नहीं माना. खासतौर से तब जब मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चैहान को किनारे लगाते हुए मोहन यादव और राजस्थान में वसुंधरा राजे का पत्ता साफ करते हुए भजनलाल शर्मा को भाजपा ने सीएम बनाया गया है। देखा जाएं तो 2014 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को महाराष्ट्र में नंबर एक पार्टी बनाना बहुत मुश्किल था. क्योंकि बीजेपी की ही विचारधारा वाली शिवसेना पहले से ही राज्य में बहुत मजबूत थी. पर फडनवीस ने कांग्रेस, शरद पवार और शिवसेना के कारस्तानियों के सामने चट्टान की तरह खड़े होकर बीजेपी को नंबर वन पार्टी बनाकर खुद को साबित कर दिया था. भाजपा का महाराष्ट्र की राजनीति में ओबीसी कार्ड जरांगे पाटील के नेतृत्व में चले मराठा आरक्षण आंदोलन आड़े आ रहा था। या यूं कहे ओबीसी और मराठों के बीच बनी दूरी को पाटना भाजपा के लिए टेड़ी खीर थी। दरअसल ओबीसी को लगता था कि मराठों को रिजर्वेशन मिला तो ओबीसी कोटे में उनकी हिस्सेदारी घट जाएगी. शायद यही कारण रहा होगा पार्टी ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव लड़ा था. अगर फडणवीस के ब्राह्मण होने से या, उनके कार्यकाल से लोगों के चिढ़ होने की बात होती, तो शायद उन्हें पार्टी का मुख्य चेहरा बनाकर प्रचार प्रसार नहीं करवाया गया होता. पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से कहीं बहुत अधिक रैलिया और सभाएं देवेंद्र फडणवीस ने कीं. जाहिर है फडणवीस को साइडलाइन करके अगर किसी और को सीएम बनाया जाता तो कर्मठ कार्यकर्ता हतोत्साहित होते.

कहा जा सकता है, देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की राजनीति में बीजेपी का उगता हुआ सूरज की तरह हैं. फडणवीस की अगुवाई में ही भाजपा का महाराष्ट्र में 2014 में वनवास खत्म हुआ. वह भाजपा के इकलौते ऐसे मुख्यमंत्री रहे हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल का पांच साल पूरा किया. पार्टी के प्रति समर्पण का जो उदाहारण देवेंद्र फडणवीस ने पेश किया, वो बिरले ही देखने को मिलता है. शायद यही वजह है कि पीएम मोदी के वह भरोसमंद बनकर उभरे हैं. अगर वह सीएम नहीं बनते तो संभावना थी कि उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता. जो किसी भी पार्टी कार्यकर्ता के लिए सपना होता है. फडणवीस देश के कुछ चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं जिन्होंने लोकसभा चुनावों में अपेक्षित सफलता न मिलने पर इस्तीफे की पेशकश की. इससे भी बढ़कर पांच साल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में बेहतरीन काम करने वाला, फिर विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी को दूसरी बार अधिकतम सीटे दिलवाने वाले नेता ने अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के कहने पर अपने से एक बहुत जूनियर शख्स के नीचे डिप्टी सीएम बनना भी स्वीकार कर लिया. यही नहीं सीनियर होने के बावजूद, पार्टी और शासन में तगड़ी पकड़ रखते हुए भी कभी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शिकायत का मौका नहीं दिया. अन्यथा कई बार लोग दबाव में आकर कमतर पद तो स्वीकार कर लेते हैं पर मन में बसी टीस उन्हें चैन से रहने नहीं देती. मगर फडणवीस ने कभी ऐसा महसूस नहीं होने दिया. यह अलग बात है कि महाराष्ट्र में महायुति के पास पूर्ण बहुमत है पर बीजेपी अकेले बहुमत में नहीं है. हालांकि 11 सीट कम होना कोई मायने नहीं रखता है क्योंकि अगर बीजेपी सरकार बनाने चाहे तो उसे निर्दलीयों और अन्य पार्टियों से समर्थन मिल सकता है. खुद शिवसेना में ही तमाम बीजेपी नेता जीतकर आए हुए हैं.

वैसे भी भापजा अन्य पाटियों में तोड़फोड करने में भी सक्षम है. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आ गए थे. महायुति ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है. बीजेपी के सबसे ज्यादा 132 विधायक चुने गए. शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है. जेएसएस को 2 और आरएसजेपी को एक सीट पर जीत मिली. बीजेपी ने इस बार चुनाव में 149 उम्मीदवार उतारे थे. जबकि शिवसेना ने 81 और एनसीपी ने 59 प्रत्याशियों को टिकट दिया था. जहां तक देवेंद्र फडणवीस के सियासी सफर का सवाल है तो वो सीधे विधायक या सीएम पद से शुरू नहीं हुआ है. वह काफी कम उम्र में एक्टिव पॉलिटिक्स में आ गए थे. वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय सदस्य रहे हैं. एबीवीपी के मेंबर रहते हुए पहली बार नगर



288 सीटों में से 234 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है. इनमें से अकेली भाजपा ने 132 सीटें हासिल की है. इसका क्रेडिट देवेंद्र फडणवीस को ही दिया जा रहा है. ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने जमीन पर भाजपा के लिए बहुत काम किया और इस जीत में उनकी बड़ी भूमिका है. वह सीएम से डिप्टी सीएम रहने तक का सफर देख चुके हैं. अब वह शिंदे संग काफी खींचतान के बाद फिर सीएम बनने जा बने थे।

**जब टूट गया था भाजपा-शिवसेना गठबंधन**

साल 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना के गठबंधन ने एक बार फिर से बहुमत हासिल किया था। भाजपा ने अकेले दम पर 105 सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि, तभी शिवसेना की ओर से 2.5-2.5 साल मुख्यमंत्री पद के बंटवारे की बात रखी गई। इसके बाद ऐसा हुआ जो किसी ने कभी सोचा ही नहीं था। भाजपा और शिवसेना का 30 साल पुराना गठबंधन टूट गया। 23 नवंबर की तारीख को महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने राज्य से राष्ट्रपति शासन हटाने के निर्णय लिया। इसके कुछ घंटे बाद सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के सीएम और अजीत पवार ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ले ली।

**80 घंटे बाद ही देना पड़ा इस्तीफा**

फडणवीस के शपथ लेने के ठीक बाद कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी ने साथ सरकार बना ली। वहीं, आगे चलकर अजित पवार ने भी एनसीपी में बगावत कर दी और ज्यादातर विधायकों के साथ सरकार का हिस्सा बन गए।

**शिक्षाकाल से ही जागृत है त्याग की भावना**

नागपुर के शंकर नगर इलाके में स्थित सरस्वती विद्यालय में देवेंद्र फडणवीस की स्कूली पढ़ाई हुई है. स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर ।4 क्लास की आखिरी बेंच पर बैठकर ही देवेंद्र फडणवीस ने 8वीं से 10वीं तक की पढ़ाई की और अब एक बार फिर महाराष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण पद यानी सीएम की कुर्सी तक पहुंचे हैं. लेकिन, देवेंद्र फडणवीस अपनी क्लास में अंतिम बेंच पर क्यों बैठते थे? यह किस्सा भी काफी रोचक है. 2010 में जब देवेंद्र फडणवीस की 10वीं बैच के 25 साल पूरे होने पर स्कूल में रियूनियन का कार्यक्रम हुआ था, उस समय भी देवेंद्र फडणवीस ने अपनी पुरानी लास्ट बेंच पर बैठना ही पसंद किया था. वे अपने स्कूली सहपाठियों

**बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में तय हो गया देवेंद्र फडणवीस ही होंगे महाराष्ट्र के नए सीएम। मतलब साफ है साल 2019 में देवेंद्र फडणवीस की कही लाइन, ह्यमेरा पानी उतरता देख, मेरे किनारे पर घर मत बसा लेना. मैं समंदर हूं, लौटकर वापस आऊंगाह्ण सच हो गयी। या यूं कहे देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की सियासत में पूरे रुतबे और दबदबे के साथ लौट आए हैं. अब महाराष्ट्र की कमान तीसरी बार उनके हाथों में होगी. भला क्यों नहीं? सारे समीकरणों को ध्वस्त करके उन्होंने भाजपा को प्रचंड बहुमत जो दिलाई हैं.2019 विधानसभा चुनावों के बाद जब बीजेपी को दगा देते हुए शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने सीएम बनने की जिद पकड़ ली थी तब फडणवीस ने शरद पवार जैसे राजनीतिज्ञ को मात देकर सरकार बनाई थी. ये बात अलग है कि अजित पवार अपनी पार्टी के विधायकों को अपने साथ नहीं ला सके और 80 घंटे के अंदर खेल हो गया. पर आग सुलगाने का काम तो फडणवीस ने कर ही दिया था. थोड़ा टाइम लगा पर फडणवीस की लगाई आग ने शरद पवार की राजनीति को महाराष्ट्र में खत्म कर दिया. जूनियर पवार यानि अजित पवार बीजेपी के सहयोगी बन चुके हैं. उनके साथ के चलते ही पिछले ढाई साल से प्रदेश में बीजेपी की सरकार चल रही थी. अब एक बार फिर वो बीजेपी की सरकार के साथ रहेंग. शायद यही कारण है कि शिवसेना और फिर एनसीपी के टूटने पर जितनी गालियां फडणवीस को सुनने को मिलीं उतनी बीजेपी को नहीं. उद्धव ठाकरे से लेकर मनोज जरांगे तकने फडणवीस को राजनीतिक करियर खत्म करने की धमकी दी थी. शरद पवार तो उनकी जाति तक पहुंच गए थे. पर फडणवीस डिगे नहीं. जिसने गालियां सुनीं, ताज पहनने का हक भी उसी को मिलना ही चाहिए**

निकाय में पार्षद बने थे. उसके ठीक 5 साल बाद नागपुर के मेयर बने थे. उनकी काबिलियत ही है कि उन्होंने मराठा आंदोलन को अच्छे से संभाला था. 44 वर्ष की उम्र में महाराष्ट्र के दूसरे सबसे युवा मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड भी फडणवीस के पास ही है. देवेंद्र फडणवीस साल 1999 और 2014 में नागपुर दक्षिण पश्चिम से विधायक बने थे. इसी के बाद भाजपा विधायकों ने उन्हें अपना नेता चुना था. साल 1960 में महाराष्ट्र के निर्माण के बाद राज्य में 17 मुख्यमंत्री बने, लेकिन इनमें से दो ही अपना कार्यकाल पूरा कर सके. उसमें एक देवेंद्र फडणवीस भी हैं. इसके पहले केवल वसंतराव नाईक ही अपना कार्यकाल पूरा कर पाए थे. वह कांग्रेस के नेता थे.

फडणवीस संघ से भी एक्टिव तौर पर जुड़े रहे हैं. वह पिछले 30 साल से एक्टिव पॉलिटिक्स में हैं. देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के पहले भाजपा मुख्यमंत्री रहे हैं. उन्होंने महायुती (बीजेपी, शिवसेना, एनसीपी) में खुद को एक मजबूत कड़ी के रूप में स्थापित किया है. 2024 के विधानसभा चुनावों में महायुति ने कुल रहे हैं. देवेंद्र फडणवीस का जन्म महाराष्ट्र के नागपुर में 22 जुलाई 1970 को हुआ था. देवेंद्र ने वर्ष 2006 में अमृता फडणवीस से विवाह किया. अमृता बैंक में काम करती हैं और एक्ट्रेस भी हैं. देवेंद्र और अमृता की एक बेटी दिविजा है. देवेंद्र फडणवीस तीन मराठी किताब लिख चुके हैं. 2001 में फडणवीस भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने थे. पिता गंगाधर राव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ में रहे. मां सरिता अमरावती के प्रसिद्ध कलती परिवार की वंशज हैं. देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर के सरस्वती विद्यालय से अपनी स्कूली शिक्षा ग्रहण की. लॉ कॉलेज नागपुर से कानून की डिग्री पूरी की. साल 2002-03 में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की ओर से सर्वश्रेष्ठ संसदीय पुरस्कार से सम्मानित हुए. साल 2013 में वे महाराष्ट्र में बीजेपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष बने. वह 2014 को पहली बार सीएम बने. इससे पहले देवेंद्र फडणवीस साल 2014 से 2019 के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके हैं। हालांकि, इसके बाद वह एक बार 80 घंटे के लिए भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी। इसके बाद 26 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि 27 नवंबर को फ्लोर टेस्ट कराया जाए और कहा कि पूरी प्रक्रिया शाम 5 बजे तक पूरी होनी चाहिए और इसका सीधा प्रसारण भी होना चाहिए। हालांकि, इसके तुरंत बाद अजित पवार ने डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं, विकल्प खत्म होने के बाद आखिरकार देवेंद्र फडणवीस ने भी सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। शपथ ग्रहण के चैथे दिन ही 26 नवंबर को फडणवीस ने इस्तीफा दे दिया। सबसे कम समय के मुख्यमंत्री

फडणवीस के इस्तीफे के बाद कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी ने एक साथ मिलकर सरकार का गठन किया और इस गठबंधन को महाविकास अघाड़ी नाम दिया। वहीं, महाराष्ट्र राज्य के निर्माण के बाद से देवेंद्र फडणवीस इकलौते ऐसे सीएम रहे जिनका कार्यकाल सिर्फ 80 घंटे तक चला। हालांकि, कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी की सरकार 2.5 साल ही चली। इसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में बगावत कर दी और विधायकों के साथ मिलकर भाजपा के

के साथ उसी लास्ट बेंच पर बैठे थे.पढ़ाई में भी बेहद साधारण थे. हमेशा ही शांत और गंभीर बालक थे, लेकिन क्लास के दोस्तों के साथ दोस्ती निभाने में उनका कोई मुकाबला नहीं था. किसी एक की गलती पर फडणवीस और उनकी पूरी क्लास सजा भुगतती थी, लेकिन गलती किसकी थी यह कभी टीचरों को पता नहीं चल पाता था.जिस समय देवेंद्र फडणवीस स्कूली पढ़ाई कर रहे थे, उसी दौरान उनके पिता गंगाधर राव फडणवीस नागपुर से एमएलसी विधायक थे, लेकिन बावजूद इसके देवेंद्र फडणवीस के व्यवहार में कभी भी ऐसा नजर नहीं आता था कि वे एक विधायक के बेटे हैं. पैर में सादी चप्पल, कंधों पर कपड़े का बैग और घुंघराले बाल यही देवेंद्र फडणवीस की पहचान थी. 1985 में 10वीं क्लास पास करने के बाद भी देवेंद्र फडणवीस का स्कूल से नाता हमेशा कायम रहा. आज भी स्कूल के छोटे-मोटे कार्यक्रमों में वे आते रहते हैं. आज स्कूल अपने इस गुणवान विद्यार्थी पर गर्व महसूस कर रहा है.

## महाराष्ट्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफल रहेंगे मुख्यमंत्री: चित्रसेन सिंह



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र विधानस्भा चुनावों में महायुति की प्रचंड जीत के बाद बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने 11 दिन बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 22 राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम की मौजूदगी में महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने फडणवीस को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। देवेंद्र फडणवीस को 4 दिसंबर को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया था। उत्तर भारतीय मोर्चा के महाराष्ट्र उपाध्यक्ष चित्रसेन सिंह ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बधाई देते हुए कहा कि आज महाराष्ट्र की जनता के साथ-साथ पूरे देश में खुशी की लहर देखी जा रही है। एक योग्य, कर्मठ और जनप्रिय मुख्यमंत्री के रूप में वे प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अगला 5 वर्ष महाराष्ट्र के लिए स्वर्णिम काल होगा। जनता खुशहाल होगी और प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा।

## बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अंधेरी में किया तथास्तु का उद्घाटन



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने आज अंधेरी पश्चिम के सात बंगला परिसर में जेपी रोड स्थित एवरसाइन शॉपिंग सेंटर में प्रकांड पंडित सत्यम पांडे की तथास्तु नामक शॉप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कैप्टन करण सिंह, कांग्रेस के युवा नेता अवनीश तीर्थराज सिंह, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज नागपाल समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। पत्रकारों से बात करते हुए तमन्ना भाटिया ने कहा कि पूजा सामग्री तथा अन्य धार्मिक चीजों की यह बड़ी खूबसूरत शॉप है। मुझे उम्मीद है कि यह आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए धर्म और अध्यात्म के प्रति जागरूकता लाने का भी काम करेगी। उन्होंने कहा कि मन की शांति और एकाग्रता के लिए पूजा पाठ आवश्यक है। शॉप में ग्रहों से जुड़े बहुमूल्य पत्थर, रुद्राक्ष, देवी देवताओं के आकर्षक फोटो, ज्योतिष तथा वास्तु पूजा से जुड़ी सामग्रियां भी उपलब्ध हैं।

## भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू



**मुंबई।** बीजेपी संगठन पर्व 2024 के मौके पर आज से सदस्यता पंजीकरण नाला सोपारा में शुरू किया गया। नालासोपारा पश्चिम रेलवे स्टेशन पर नवनियुक्त विधायक राजन नाईक के मुख्य उपप्रधान एवं जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में अभियान शुरू किया गया। समृद्धि और विकास की ओर महाराष्ट्र का कदम भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान से किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा पार्टी के सदस्यता अभियान को नागरिकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही हैं। हम पर भरोसा करने के लिए सभी भाइयों और बहनों को राजन नाइक और जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटील ने धन्यवाद किया। सदर कार्यक्रम मे जिल्हा महामंत्री अभय कक्कड ,युवा अध्यक्ष विनीत तिवारी,ओबीसी जिल्हा अध्यक्ष निलेश राणे जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट उपस्तिथ थे।

## स्व. रामजीवन यादव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** भांडुप के सुप्रसिद्ध युवा समाजसेवी राम जीवन यादव (47 वर्ष ) का गत दिनों ह्रदयाघात के वजह से आकस्मिक दुःखद निधन हो गया। वे भांडुप, मुलुंड एवं मुंबई की तमाम उत्तर भारतीय एवं यादव समाज की संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सन साइन बिल्डिंग सभागृह, तुलशेत पाड़ा, भांडुप प. पर किया गया। जिसमे भांडुप के सभी गणमान्य समाजसेवी तथा विभिन्न दलों के नेताओं ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। यह जानकारी समाजसेवी डॉ. सचिन सिंह ने एक प्रेस बयान में प्रदान किया है।

## जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय उतरेजपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा में जाकर बच्चों से संवाद किया एवं उनसे पहाड़ा पूछा बच्चों के जवाब से जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे, इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई और मिड-डे-मील का भी निरीक्षण किया।मिड-डे-मील गुणवत्तापूर्ण न पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया कि बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन देना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये तथा अध्यापकों को समय से विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने के निर्देश दिये। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगण एवं बच्चे, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गिरजा शंकर दीक्षित ट्रॉफी में GNHS क्रिकेट टीम का शानदार प्रदर्शन





**हैदराबाद (उत्तरशक्ति)।** 4 दिसंबर 2024 बुधवार को हैदराबाद में हो रहे गिरजा शंकर दीक्षित ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल क्रिकेट टीम जी टी बी नगर सायन कोलीवाड़ा मुंबई ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टूनार्मेंट के फाइनल मैच में जीएनएचएस क्रिकेट टीम ने दीक्षित क्रिकेट अकादमी के खिलाफ 46 ओवर में बेहतरीन 238 रन बनाएं। सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें युसूफ शेख, हिमांशु धमाल, अंश दुबे, हर्षिल सिन्हा, सुधांशु पाल, सुमित सिंह, और जुनैद खान ने बहुत ही बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। हालांकि दीक्षित क्रिकेट अकादमी ने 48 ओवर में 239 बनाकर मैच अपने नाम कर लिया, सबसे शानदार 125 रन बनाने वाले सरवन रेड्डी ने मैन ऑफ द मैच पर भी कब्जा कर लिया। GNHS क्रिकेट टीम के कोच सुजीत सिन्हा ने बताया कि गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती माधवी मैम स्कूल के बच्चे खेल जगत में अपना, अपने परिवार, अपने समाज, अपने स्कूल, अपने देश का नाम रोशन कर सके इसलिए उन्होंने स्कूल से क्रिकेट खेलने के लिए अनुमति देकर टूनार्मेंट खेलने में बहुत ही मदद की जो खिलाड़ियों के हौसले को बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलता हैं। टीम को यह सुनहरा अवसर देने के लिए सभी खिलाड़ियों और कोच सुजीत सिन्हा ने मैम को बहुत बहुत धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि के रूप में कदरू वेंकट रेड्डी सर एवं असिस्टेंट कमिश्नर आफ पुलिस मेडचल मल्काजगीरी, कॉपल्ली तेलंगाना ने मैच को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## नेताओं ने एक दूसरे को दी जीत की बधाई



**वसई(उत्तरशक्ति)।** वसई विरार भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल और नालासोपारा नवनिर्वाचित आमदार राजन नाइक, जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट, युवा मोर्चा महामंत्री अभय कक्कड़, महिला मोर्चा महामंत्री प्रज्ञा पाटिल ने वसई विरार पालघर के पालक मंत्री रविंद्र चौहान से शुभेच्छा मुलाकात किया। जिसमें नालासोपारा नव निर्वाचित आमदार डोंबिवली नवनिर्वाचित आमदार रविंद्र चौहान पालक मंत्री से शुभेच्छा मुलाकात किया एक दूसरे को बधाई दिया। उन्होंने कहा जो सफलता चुनाव में मिली है उसका यश पूरी संगठन को दिया और आनेवाले महानगर पालिका चुनाव में ऐसी सफलता दिलाने के लिए काम करने का सुझाव दिया।

## बेस्टी एजुकेशन मुंबई इकाई द्वारा हुआ अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अंतर्राष्ट्रीय संस्था बेस्टी एजुकेशन एंड चेरिटेबल ट्रस्ट दोहा-कतर के मुंबई इकाई के अध्यक्ष विनय शर्मा दीप के संयोजन में यादगार अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन संपन्न हुआ।जिसका आयोजन संस्थापक डॉ बैजनाथ शर्मा मिन्टू एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्षा अफसाना सैयद ने किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता मुंबई महानगर के समाजसेवी,उत्कृष्ट मराठी लेखक, कवि डॉ मंगेश पेडामकर ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में रायबरेली से सुखराम शर्मा सागर एवं जौनपुर से शिव कुमार सिंह दुर्गवंशी उपस्थित थे। मंच का संचालन कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप ने मां सरस्वती वंदना से किया।आमंत्रित साहित्यकारों में राजस्थान की युवा कवियत्री डॉ माधवी बोरसे से कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात कल्याण मुंबई से फिल्म लेखक,गीतकार दयाराम दर्द फिरोजाबादी,मुंबई से सोहन जैन संगी,कवियत्री शोभा स्वप्निल खंडेलवाल,कवियत्री सत्यभामा सिंह,कवियत्री सीमा द्विवेदी, बिट्टू जैन सना,डॉ शशिकला पटेल एवं गाजियाबाद से वरिष्ठ कवियत्री मधु स्वामी के साथ मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने मनमोहक काव्यपाठ किया। उपस्थित सभी साहित्यकारों के आनलाइन काव्य का रसास्वादन यूट्यूब एवं फेसबुक पर श्रोता मित्र साहित्यकारों ने किया।अंत में संस्थापक डॉ बैजनाथ शर्मा मिन्टू ने अपनी रचना सुनाते हुए उपस्थित सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नारायणा हेल्थ एसआरसीसी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में गंभीर फाल्सीपेरम मलेरिया से ग्रसित युवती की जान बचाई

मुंबई(उत्तरशक्ति)। नारायणा हेल्थ एस.आर.सी.सी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में, फाल्सीपेरम मलेरिया से ग्रसित एक युवती रिया (बदला हुआ नाम) को नया जीवन मिला है। उन्नत देखभाल और त्वरित इलाज के कारण आज वह इस खतरनाक स्थिति से उभर कर नया जीवन जी रही है। रिया हॉस्पिटल में लगातार बुखार, पेट में दर्द, गंभीर श्वसन संबंधित समस्या के साथ आई, उसकी स्थिति तेजी से मल्टी-ऑर्गन डिसफंक्शन में बदल गई, जिसमें श्वसन विफलता, हाइपोटेंसिव शॉक और भर्ती होने पर व्यापक रक्तस्राव भी हो रहा था। क्रिटिकल केयर सर्विसेज में सीनियर कंसल्टेंट डॉ. साइरस कॉन्ट्रैक्टर ने क्रिटिकल केयर में सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आयोन सेन गुप्ता के साथ मिलकर रिया का उपचार शुरू किया। डॉ. कॉन्ट्रैक्टर ने कहा कि, 'रिया गंभीर स्थिति में आई थी, ऐसी स्थिति में तुरंत उसके इलाज की आवश्यकता थी। उस समय रिया के श्वसन, हृदय, गुर्दे और तंत्रिका तंत्र पर एक साथ प्रभाव पड़ा था। भर्ती होने पर, रिया ठीक से सांस नहीं ले पा रही थी। उच्च वेंटिलेटर सेटिंग्स के बावजूद, उसका ऑक्सीजन स्तर कम रहा, जिससे टीम को ऑक्सीजनेशन बढ़ाने के लिए प्रोन वेंटिलेशन का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया, जो गंभीर रूप से कम ऑक्सीजन संतृप्ति को स्थिर करने के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक है। सीटी स्कैन में गंभीर थ्रोम्बोसाइटोपेनिया के कारण फेफड़ों में रक्तस्राव का पता चला, जिससे उसकी स्थिति और जटिल हो गई। श्वसन संबंधी चुनौतियों के साथ, उसका हृदय भी ठीक से कार्य नहीं कर रहा था, जिसके लिए वैसोप्रेसर्स की उच्च खुराक की आवश्यकता थी। डॉ. सेन गुप्ता ने बताया कि, 'शुरूआती चरण में ही उसके ब्लड प्रेशर को स्थिर करने के लिए एड्रेनालाईन, नॉरएड्रेनालाईन और वैसोप्रेसिन की आवश्यकता थी। रिया की गुर्दे की जटिलताएँ गंभीर थीं, जिसमें रबडोमायोलिसिस के कारण गुर्दे की शिथिलता हो गई थी। उसके बढ़ते क्रिएटिन फॉस्फोकाइनेज (CPK) स्तरों को रोकने और गुर्दे की कार्यक्षमता को ठीक करने के लिए कंटीन्यूअस रिनल रिप्लेसमेंट थेरेपी (CRRT) जल्दी शुरू की गई थी। टीम ने सेकेंडरी हेमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस (HLH) के संकेत देने वाले मार्करों की भी पहचान की। जिससे प्लास्मफेरेसिस और बाद में साइटोसॉर्ब हेमडॉर्प्शन सूजन को कम करने का प्रयास किया गया। उसके सूजन मार्करों में धीरे-धीरे सुधार देखा गया, जिसमें फेरिटिन और क्छ-6 शामिल थे, जो उसके ठीक होने की गति में योगदान दे रहे थे। डॉ. कॉन्ट्रैक्टर ने कहा कि, रिया के कई अंगों का ठीक होना उसके जल्द इलाज का परिणाम था, जो शुरूआती स्तर में ही लक्षणों को पहचान कर तुरंत शुरू किया गया।

## महाकुंभ मेले में नहीं होगी बिजली कटौती



**वाराणसी।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए पूर्वांचल डिस्कॉम ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके लिए 182 किलोमीटर एचटी लाइन का निर्माण और 1405 किलोमीटर एलटी लाइन बिछाई जा रही है। इसके साथ ही 67000 एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं। पूर्वांचल डिस्कॉम ने जारी किए पत्र में कहा कि महाकुंभ के दौरान विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सभी स्थानों पर वैकल्पिक स्त्रोत सुनिश्चित किए गए हैं। इनकी आपूर्ति सात विद्युत उपकेंद्रों और 33/11 केवी के 14 उपकेंद्रों से की जाएगी। इसके लिए (रिंग मेन यूनिट) आरएमयू की स्थापना की गई। इसकी मदद से आपूर्ति बाधित नहीं होगी। यदि किसी कारण से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो सिर्फ 30 सेकंड में खुद ही सामान्य हो जाएगी। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट के लिए 11/0.4 केवी उपकेंद्रों पर डीजी सेट की स्थापना की गई है। डिस्कॉम के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मेला क्षेत्र में सभी एचटी और एलटी लाइनों की गार्डिंग और एचटी व एलटी पोल की अर्थिंग कराई गई है। साथ ही कैंप में कंड्यूक्ट पाइप के माध्यम से ही वायरिंग कराई जा रही है, जिससे कि किसी भी तरह की शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगने की घटना पर रोक लगाई जा सके। अधिकतर उपकेंद्रों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जल्द ही बाकी काम भी पूरे कर लिए जाएंगे। महाकुंभ में नवीन प्रयोग के रूप में हाइब्रिड सोलर स्ट्रीट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है। ताकि ऊर्जा की खपत में कमी लाई जा सके। इसके अतिरिक्त आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों को समय से पूर्ण करने हेतु विद्युत तंत्र उपलब्ध न होने वाले स्थानों पर डीजी सेट से ऊजीर्कृत हाई मास्ट लाइट का प्रयोग किया जा रहा है।

## ताल पत्री सेड पर मनपा की तोडक कारवाई



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** 5 दिसंबर गुरुवार को यूनीक गार्डन गौरव सिटी मीरा रोड में विभाग समिति क्र. 04 में कार्यात्मक क्षेत्रों में व्यावसायिक उपयोग, दुकानों, होटलों आदि के लिए ताड़ पत्री से सड़क के किनारे शेड का निर्माण किया गया था। जिसको तोड़ने के लिए ठोस कारवाई किया गया। उक्त कारवाई एम.एन.पी अपर आयुक्त डॉ.श्री संभाजी पानपट्टे के मार्गदर्शन में, और अतिक्रमण विभाग के प्रमुख नरेंद्र चव्हाण के आदेशानुसार, वो सह आयुक्त स्वप्निल सावंत, कनिष्ठ अभियंता ऋषिकेश चोंडे, भावेश पाटिल, क्लर्क महेंद्र गावंड, हॉकर टीम के प्रमुख स्वप्निल सावंत, के आदेशानुसार, हॉकर टीम के प्रमुख सचिन सालुंखे, पुलिस कांस्टेबल, अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी और महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे।

## डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित कार

**बिजनौर (उत्तरशक्ति)।** बिजनौर कोतवाली देहात ग्राम दौलताबाद के निकट सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। दो व्यक्तियों की हालत गम्भीर बताई जा रही है। गुरुवार दोपहर को हरिद्वार से शादी समारोह में शामिल होकर कार से वापस काशीपुर लौट रहे थे। कार सवार प्रदीप पुत्र स्वर्गीय प्रवीण सिंह निवासी चामुंडा विहार कॉलोनी काशीपुर अपनी पत्नी आंचल व बेटी नेहा के साथ अपने घर काशीपुर जा रहे थे। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के दौलताबाद गांव के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर क्रॉस करते हुए विपरीत दिशा में पहुंच कर सामने से आ रही कार से टकरा गई। दोनों वाहनों की टक्कर में प्रदीप उनकी पत्नी आंचल तथा पुत्री नेहा तथा दूसरी गाड़ी के चालक धर्मेंद्र पुत्र राम मूरत प्रसाद उनकी पत्नी सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गए।

## ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन को यादगार बनाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य: राजेंद्र नाथ त्रिपाठी

### विभिन्न राज्यों और प्रदेशों से ब्राह्मणों का होगा जमावड़ा



**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के तत्ववधान में सेनानी बिहार पीजीआई रोड तेलीबाग लखनऊ में 22 दिसंबर 2024 को विशाल ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश एवं अन्य कई राज्यों से ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित धीमान पांचाल जांगिड विश्वकर्म संध्या कांकोज सरजूपन जीजोतिया आदि समाज के लोग भी भारी संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।पूर्ण संभावना है कि इस कार्यक्रम में ब्राह्मण शिरोमणि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी आएंगे। कार्यक्रम को लेकर के आज एक माह से प्रदेश के सभी जिलों के सघन दौड़े पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी अपने वरिष्ठ टीम के साथ जनसंपर्क पर निकले हुए हैं। सम्मेलन में कई प्रस्ताव पारित होंगे साथ ही ब्राह्मण पर बदले की भावना से हो रहे अन्याय अत्याचार उत्पीड़न आदि विषय प्रमुखता से रखे जाएंगे तथा उसके निराकरण की दिशा में विस्तार से चर्चा की जाएगी। वही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर ब्राह्मण महाकुंभ सम्मेलन को सफल बनाएं। यह जानकारी लालशेखर सिंह ने दी है।

## शराब के खिलाफ महिलाओं का आंदोलन, पूर्ण शराबबंदी की उठी मांग




वाराणसी(उत्तरशक्ति)। वाराणसी जनपद के मिजार्मुराद क्षेत्र की महिलाएं घरेलू हिंसा और जहरीली शराब की समस्या से परेशान होकर गुरुवार को बेनीपुर गांव में सड़क पर उतर आईं। लोक समिति महिला समूह के नेतृत्व में नागेपुर,गनेशपुर, कल्लीपुर, मुबारकपुर, कुंडरिया और सबलपुर जैसे कई गांवों से आई सैकड़ों महिलाओं ने रैली निकाली। महिलाएं तख्तियां और बैनर लेकर शराब बंदी के समर्थन में नारे लगाती रहीं। रैली निकाल किया प्रदर्शन रैली बेनीपुर नई बाजार, मुबारकपुर, गनेशपुर होते हुए पंचायत भवन पहुंची। यहां महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन कर शराबबंदी के नारे लगाए और प्रशासन से अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से पूरे उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की अपील की। शराब के खिलाफ नुक्कड़ नाटक और पदयात्रा प्रेरणा कला मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई। महिलाओं ने घोषणा की कि निर्भया दिवस (16 दिसंबर) के अवसर पर नागेपुर से राजातालाब तहसील तक पदयात्रा निकालकर शराब और घरेलू हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। महिलाओं का बयानः शराब जिम्मेदार है हिंसा और अपराध के लिए सभा में महिलाओं ने कहा कि शराब माफिया पूरे प्रदेश में सक्रिय हैं और जहरीली शराब के कारण लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और बलात्कार जैसे अपराधों में शराब मुख्य भूमिका निभा रही है। उन्होंने प्रशासन से जनता के हित में तत्काल व की मांग की।

## चोरो ने दो वक्रांगी केन्द्र को बनाया अपना निशाना

केराकत, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरकी पुलिस चौकी अंतर्गत सरकी बाजार में स्थित राजेश वक्रांगी व बेलहरी गांव में हितेश वक्रंगी केंद्र को चोरों ने निशाना बना चोरी कर फरार हो गए हैं। सुबह होने पर चोरी की जानकारी होने पर इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार सरकी बाजार में राजेश वक्रांगी के नाम से राजेश कुमार की दुकान है जिसमें बीती रात बुधवार को चोरों ने सटर का ताला तोड़ केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे सहित लाकर को खोलकर हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए। दुकान से कुछ ही दूरी पर खेत में डायरी व छोटा बैग मिला है। जाते समय चोर बंजारेपुर बाजार में पूर्व प्रधान भुल्लन के दुकान से मोबाईल चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इसी प्रकार बेलहरी गांव में स्थित चौराहे के पास हितेश मौर्य के नाम से वक्रांगी केंद्र हैं। हितेश वक्रांगी केंद्र की दुकान में भी शटर का ताला तोड़ दुकान में रखा विडियो कैमरा डीवीआर व नगदी रुपए चोरी कर चोर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी डायल 112 पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि इसी दुकान के बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे चोर कैद हो गए हैं। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे चोर पूरे शरीर को शाल से ढक व मुंह पर मास्क लगाकर बेखौफ तरीके से चोरी को वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिए चोरों का सुराग लगाने में जुटी हुई है।

## किसान कार्ड के जरिए पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का मिलेगा लाभ : डीएम

जौनपुर (उत्तरशक्ति )।जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके लिए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र द्वारा रोस्टर जारी कर 25 जनवरी तक जिले की समस्त राजस्व गांवो में शिविर लगाकर किसान रजिस्ट्री की जाएगी,इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा सदर तहसील के प्राथमिक विद्यालय उतरेजपुर में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया गया। शिविर में तीन किसानों का जिलाधिकारी द्वारा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा, पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मन निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा। किसान कार्ड के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें कृषि विभाग/पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो-कर्मचारी रहेंगे। शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई-केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण (वरासत, बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा।इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। किसान कार्ड से फायदे बताते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा।इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी, लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी, साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा।

## दो पहिया वाहन की गिरफ्त में आने से किसान की हुई दर्द नाक मृत्यु

सरायख्वाजा, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मनवल गांव के पास बाइक की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी 52 वर्षीय किसान अखिलेश यादव गांव के ही पूर्वांचल विश्वविद्यालय व करंजाकला मार्ग के किनारे टेयूबल बंद करने गए थे। टेयूबल बंद करके जैसे ही वह सड़क के किनारे से होकर घर की तरफ लौट रहे थे। इस दौरान वहां से जा रही एक बाइक की चपेट में आ गये जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन और चालक की जांच पड़ताल की जा रही।